दिन–सोमवार | दिनांक– 01 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. तीनों नये आपराधिक कानून देशभर में लागू। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–नए आपराधिक कानून शीघ्र सुनवाई और न्याय की गारंटी देते है।

02. संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हंगामा।

03. शेखपुरा जिले में लुटेरों ने बरबीघा में दिन–दहाड़े बैक शाखा से तीस लाख रूपये लूटे

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, बांका और लखीसराय में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————————

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज से लागू हुए तीन आपराधिक कानूनों से देश में सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकाचार में अंतर्निहित ये नई व्यवस्था अब पूरी तरह से स्वदेशी है।

——— बाईट———

आजादी के 77 साल बाद हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पूर्णता स्वदेशी हो रही है और भारतीय एथोस के आधार पर ये चलेगी। ये कानून जब आज से हर थाने में अपना काम करना चालू करेंगे। तब दंड की जगह न्याय मिलेगा। देरी की जगह ईवी ट्रॉयल और स्पीडी जस्टिस मिलेगा और पहले से ही पुलिस के अधिकारों की रक्षा की गई थी। अब पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा और जो कम्प्लेनर है उसके भी अधिकारों की रक्षा करने का काम होगा।

श्री शाह ने कानूनों के बारे में नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि नए कानून त्वरित न्याय और पीड़ितों के अधिकार सुनिश्चित करेंगे।

——— बाईट———

सबसे पहली प्रॉयोरिटी महिलाओं और बच्चों के अपराध को दी गई है, जिसमें 35 धाराएं और 13 प्रावधान हैं, जिसमें गैंग रेप के लिए अब 20 साल की सजा या तो कारावास–आजीवन कारावास, नाबालिंग के साथ बलात्कार में मौत की सजा, झूठा वादा पहचान छिपाकर शोषण करने वालों के लिए भी अलग से अपराध बनाया गया है। पहले सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट से चलता था। पीड़िता का बयान उसके घर पर या अधिकारियों की उपस्थिति में और अपने परिजनों की उपस्थिति में भी मिलने का प्रावधान किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून को खत्म कर नए प्रावधान लागू किए हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानून को लेकर सभी थानों के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। बिहार पुलिस के विधि व्यवस्था मामलों के अपर महानिदेशक संजय सिंह ने बताया कि राज्य के सभी थानों में आम जनता को नए कानूनों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये।

——— संजय सिंह———

पटना के नगर पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने बताया कि तीनों नये कानूनों में नागरिकों की सुविधा के लिए कई प्रावधान है।

——— बाईट———

थानों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आमंत्रित नागरिकों को कानून से जुड़े बड़े बदलाव पर तैयार एक पुस्तिका भी उपलब्ध कराई जा रही है। बिहार पुलिस की वेबसाईट पुलिस डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर तीनों आपराधिक कानूनों का हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण उपलब्ध कराया गया।

———————————————————————————

आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चर्चा में भाग लेते हुए पिछले दस वर्षो में सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों की सराहना की। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अर्थव्यवस्था में वृद्धि और लोगों के कल्याण के लिए कई कदम उठाये हैं।

——— बाईट———

देश का ये चुनाव पिछले दस वर्षों के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के महानुष्ठान पर मोहर है। ये जनादेश मोदी जी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। देश के गरीब का पेट खाली नहीं रहना चाहिए। उसके लिए अन्न की व्यवस्था

करनी है, जो प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना लेकर आएं और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया। अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए की गई पहलों को लेकर श्री ठाकुर ने कहा कि पिछले दस वर्षों में बैंक की पूंजी कई गुना बढ़ी है तथा गैर निष्पादित सम्पत्तियों में कमी आई है।

————————————————————————————

लोकसभा में विपक्षी दल के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सदन की कार्यवाही के दौरान नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं के मुद्दे को उठाया। श्री गांधी ने कहा कि देश की संसद से विद्यार्थियों को एक संदेश दिया जाना चाहिए कि नीट मुद्दा संसद के लिए महत्वपूर्ण है। श्री गांधी ने सदन में अग्निवीरों से संबंधित मुद्दा भी उठाया जिसे लेकर सदन में काफी हंगामा हुआ।

——— बाईट———

पार्लियामेंट से देश को मैसेज जाता है और हम स्टूडेंट्स को मैसेज देना चाहते है कि जो नीट का इशु है वो पार्लियामेंट के लिए जरूरी है। इसलिए मैसेज देने के लिए हम चाहते थे एक दिन, पार्लियामेंट चर्चा करें।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद की कार्यवाही नियमों और परम्पराओं पर आधारित होती है। उन्होंने विपक्ष को कहा कि कोई भी चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद ही की जानी चाहिए।

——— बाईट———

ये पूरा सदन इस बात से अवगत है कि इस संसद की कार्यवाही कुछ रूल्स और प्रोसिजर के आधार पर चलती है। मैं अपने सभी सम्मानित विपक्ष के सदस्यों से भी आग्रह करना चाहता हूं आप जिस विषय पर चर्चा करना चाहते हैं, आप चर्चा करें, लेकिन एक बार राष्ट्रपति से संबंधित धन्यवाद प्रस्ताव है उसको संसद में पारित करने के बाद ही करें। ये मेरा सभी से विनम्र अनुरोध है।

————————————————————————————

राहुल गांधी के संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, कोई भी शिव भक्त इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। श्री पासवान ने कहा कि विपक्ष के नेता के तौर पर अगर आपको बात रखनी है तो आप तथ्यों के साथ कीजिए। आपने सिर्फ सदन को भ्रमित करने का काम किया। सिर्फ गलत बयानबाजी करके सदन को भ्रमित किया। मैं

गृह मंत्री और स्पीकर का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने उनको सत्यापन के लिए बाध्य किया।

--- बाईट---

---

इधर, राज्यसभा में आज सुबह जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड ने विपक्षी सदस्यों द्वारा दिये गये स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया। बाद में सदन ने संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू की। चर्चा में भागीदारी करते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अभिभाषण एक दृष्टि वक्तव्य होना चाहिए कि कैसे चुनौतियों से निपटा जाए। अभिभाषण में इस तरह के बिन्दुओं और दिशाओं का अभाव था।

--- बाईट---

इस साल राष्ट्रपति जी का दूसरा अभिभाषण 18वीं लोकसभा के गठन के बाद हुआ। हमें भरोसा था कि राष्ट्रपति जी संविधान और लोकतंत्र की चुनौतियों पर बातें जरूर रखेंगी। सबसे कमजोर तबको के लिए कुछ और संदेश देंगी। लेकिन हमें घोर निराशा हुई कि इसमें गरीबों के लिए, दलितों के लिए, पिछड़ों के लिए, अल्पसंख्यकों के लिए कुछ भी नहीं है।

श्री खरगे ने पेपर लीक, ट्रेन दुर्घटना, जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले और अन्य मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने महात्मा गांधी, डॉ0 भीमराव आम्बेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थापित करने पर प्रश्न उठाया।

---

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और कर्तव्य के दौरान प्राण न्यौछावर करने वाले बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बात करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करने का अवसर मिलना उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण का आह्वान किया और कहा कि सेना आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी पहल, प्रणालियों और उपकरणों को प्रोत्साहित करेगी। जनरल द्विवेदी ने

नागरिकों को यह भी आश्वासन दिया कि भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार और सक्षम है।

––– बाईट–––

भारतीय सेना की गौरवशाली परम्परा, हमारे सैनिकों के बलिदान और योगदान की बुनियाद पर आधारित इस अवसर पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित हूं, जिनके कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहूति दी। मेरा प्रयास रहेगा कि भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना तथा अन्य स्टेक होल्डर्स के सम्पूर्ण समन्वय से यानी सेनल्टी के साथ वनफ्लिक के फुल स्पेक्ट्रम में ऑपरेशन के लिए सदैव तत्पर रहें। इससे भारत के राष्ट्रहितों को सुरक्षित किया जा सकेगा। सेना के सभी रैंक और डिफेंस सिविलियन्स के हितों और कल्याण का ध्यान रखना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

————————————————————————————

मॉनसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, बांका और लखीसराय में भारी बारिश की चेतावनी जारी की। मौसम विभाग के अनुसार एक ट्रफ रेखा उत्तरी बिहार के ऊपर बना हुई जिससे बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण हिस्सों में मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने पटना, शेखपुरा, नालंदा, मुंगेर, गोपालगंज, जहानाबाद, अरवल, बक्सर और भोजपुर जिले में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने बारिश वाले इलाकों में वज्रपात की आशंका को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने को कहा है।

————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण उत्तर बिहार की नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है और कई इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सीतामढ़ी जिले में रातो, मरहा, हरदी और अधवारा समूह की नदियां उफान पर हैं। इस कारण कई क्षेत्रों में आवागमन बाधित हो गया है। झीम नदी का पानी सोनबरसा बाजार के आस–पास फैल गया है। वहीं, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए कोसी बराज के उनतीस फाटक खोल दिये गये हैं। इधर, मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड में बागमती नदी के जलस्तर में पांच फुट की वृद्धि दर्ज की गयी है, जिससे पीपा पुल पर वाहनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। प्रखंड की चौदह पंचायतों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार महानंदा

और परमान नदी का जलस्तर पूर्णियां और अररिया में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। आयोग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार महानंदा नदी पूर्णिया के ढेंगराघाट में खतरे के निशान से चौदह सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, परमान नदी का जलस्तर अररिया में लाल निशान से उनहत्तर सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा शहर में हटिया मोड़ स्थित एक्सिस बैंक से आज दिन—दहाड़े चार हथियारबंद अपराधियों ने लगभग तीन लाख रुपए लूट लिये। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के हार्डडिस्क को भी अपने साथ लेकर फरार हो गए। पुलिस अधिकारी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा—दो हजार छब्बीस के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परीक्षा के लिए नौवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र चौदह जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन से पहले निर्धारित शुल्क ग्यारह जुलाई तक जमा करना होगा। बोर्ड ने कहा है कि रजिस्ट्रेशन फार्म में अंकित विवरणी के अनुसार ही छात्र मैट्रिक परीक्षा का फार्म भर सकते हैं। बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन में सतर्कता बरतने की भी सलाह दी है।

———————————————————————

कटिहार पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद किए गए 45 मोबाइल फोन को उनके वास्तविक धारकों के बीच वितरित किया गया।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले में रील्स बनाने के क्रम में न्यू कॉलोनी धरमपुर मोहल्ला के निवासी तीन युवकों की बूढ़ी गंडक नदी में डूबकर मौत हो गई।

---

01. तीनों नये आपराधिक कानून देशभर में लागू। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा—नए आपराधिक कानून शीघ्र सुनवाई और न्याय की गारंटी देते है।

02. संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हंगामा।

03. शेखपुरा जिले में लुटेरों ने बरबीघा में दिन—दहाड़े बैक शाखा से तीस लाख रूपये लूटे

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान जमुई, बांका और लखीसराय में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त